भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2676

04 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

विषय- कृषि अवसंरचना निधि योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के लिए स्वीकृत परियोजनाएं

2676. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डीः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कृषि अवसंरचना निधि योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के लिए 6322 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं तथा उनमें से 3711 परियोजनाएं अब तक पूरी की जा चुकी हैं;

(ख) यदि हाँ, तो लंबित परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उनके कब तक पूरा किए जाने की संभावना है;

(ग) जून, 2026 तक उक्त परियोजनाओं के लिए आंध्र प्रदेश को स्वीकृत तथा राज्य द्वारा उपयोग की गई निधियों का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या इस संबंध में कोई प्रभाव आकलन अध्ययन किया गया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) और (ख): एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) योजना फसलोपरांत प्रबंधन इंफ्रास्ट्रक्चर और व्यवहार्य कृषि संपत्तियों के निर्माण के लिए मध्यम से दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण की सुविधा प्रदान करती है। यह योजना पात्र उधारकर्ताओं को ₹2 करोड़ तक के ऋणों पर 3% ब्याज अनुदान और ऋण गारंटी सहायता प्रदान करती है, जिसकी अधिकतम वार्षिक ऋण दर 9% है। एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) योजना के तहत, 30 जून, 2026 तक आंध्र प्रदेश राज्य में ₹3,635.57 करोड़ की कुल ऋण राशि के साथ 6850 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इनमें से 4272 परियोजनाओं के लिए ऋण पूर्णतः वितरित किया जा चुका है।

(ग): आंध्र प्रदेश राज्य में परियोजनाओं के लिए 30 जून, 2026 तक स्वीकृत और उपयोग किए गए फंड्स का जिलेवार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(घ): जी हां, नवंबर 2025 में, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), अहमदाबाद द्वारा एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) का प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन किया गया था। उक्त अध्ययन के अनुसार, इस योजना ने छोटे और सीमांत किसानों, उद्यमियों और स्थापित कृषि व्यवसायों सहित कृषि उद्यमों के लिए वित्त तक पहुँच में सुधार किया है। इसके परिणामस्वरूप बेहतर मूल्य प्राप्ति हुई है और कृषि मूल्य श्रृंखला में लाभार्थियों की स्थिति में सुधार हुआ है। इस अध्ययन के अनुसार, प्रत्येक एआईएफ इकाई औसतन पीक मौसम के दौरान कम से कम

12-13 प्रत्यक्ष रोजगार, कम उत्पादन माह के दौरान 6 रोजगार और लॉजिस्टिक्स, विपणन, मरम्मत, पैकेजिंग और सहायक इनपुट सेवाओं जैसे पूर्व और अग्रगामी संपर्क के माध्यम से 19 अप्रत्यक्ष रोजगारों के अवसर प्रदान करती है। एआईएफ के तहत किए गए हस्तक्षेपों के परिणामस्वरूप बेहतर भंडारण, प्रसंस्करण और मशीनीकरण प्रणालियों के कारण फसलोपरांत हानि में औसतन 5-15% की कमी आई है, जिससे दक्षता में वृद्धि हुई है और सभी वस्तुओं में अपक्षय कम हुआ है। सर्वेक्षण में शामिल लाभार्थियों ने आय में 11-15% की वृद्धि दर्ज की है। इसके अलावा, अध्ययन के अनुसार एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) ने कृषि-स्तर की इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है और मशीनीकरण में सुधार किया है। इसने विभिन्न प्रकार के लाभार्थियों के लिए कई इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का समर्थन करके भंडारण, प्रसंस्करण, लॉजिस्टिक्स और बाजार संबंधों में मौजूदा अंतरालों का निवारण किया है।

अनुबंध

एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में 30 जून, 2026 तक की स्थिति के अनुसार स्वीकृत और वितरित किए गए ऋणों का जिलावार विवरण

क्र.सं .	परियोजना जिला	स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या	स्वीकृत ऋण राशि (करोड़ में)	वितरित ऋण राशि (करोड़ में)	पूर्णतः वितरित परियोजनाओं की संख्या
1.	अल्लूरी सीताराम राजू	43	18.19	1.69	8
2.	अनकापल्ली	81	29.02	12.58	53
3.	अनंतपुरम	370	166.05	73.86	207
4.	अन्नमय्या	49	10.83	4.74	38
5.	बापतला	217	109.14	68.57	123
6.	चित्तूर	79	73.87	54.14	41
7.	डॉ. बी.आर. अंबेडकर कोनासीमा	284	86.10	53.74	177
8.	पूर्वी गोदावरी	633	373.13	207.37	442
9.	एलुरु	341	193.54	122.44	251
10.	गुंटूर	224	252.06	165.15	118
11.	काकीनाडा	335	158.92	100.06	271
12.	कृष्ण	367	201.92	79.15	137
13.	कुरनूल	268	131.65	66.79	146
14.	मार्कपुरम	-	-	-	-
15.	नांदयाल	554	223.50	130.11	395
16.	एनटीआर	230	127.53	53.55	139
17.	पालनाडु	283	225.48	132.61	141
18.	पार्वतीपुरम मन्याम	162	67.90	41.51	108
19.	पोलावरम	-	-	-	-
20.	प्रकाशम	170	111.19	58.64	105
21.	श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर	370	314.09	108.44	268
22.	श्री सत्य साईं	163	55.72	6.00	41
23.	श्रीकाकुलम	325	129.65	83.33	225
24.	तिरुपति	141	128.27	54.60	80
25.	विशाखापत्तनम	30	16.63	15.83	21
26.	विजयनगरम	320	124.73	85.30	217
27.	पश्चिम गोदावरी	618	220.90	147.22	376
28.	वाईएसआर	193	85.53	62.09	144
	सकल योग	6850	3,635.57	1,989.51	4272

******